राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक : 1] दसवीं विधान सभा के प्रथम सत्र का प्रथम दिवस [संख्या : 1

मंगलवार,

28 दिसम्बर, 1993

राजस्थान विधान सभा की बैठक पूर्वाह्न 10.59 बजे विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

स्वागत और बधाइयां

श्री अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व मैं दशम् विधान सभा की इस प्रथम बैठक पर आप माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करता हूं। बहुत ही कठोर संघर्ष के पश्चात् आप लोग जीतकर विधान सभा में पधारे हैं, उसके लिए हार्दिक बधाई।

हमारी विधान सभा की बहुत ही शानदार परम्पराएं रही हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वही परम्पराएं हमारी इस दशम् विधान सभा में भी बनी रहेंगी। यहां कार्य करना काफी कठिन होता है। आप देखेंगे कि काफी विभागों का साहित्य आपके सामने आता है उसका अध्ययन करना होता है, सरकार की गलतियां हैं उनकी आलोचना करनी होती है और बहुत-से रचनात्मक सुझाव भी देने होते हैं। किसी व्यक्ति के सम्मुख उसकी आलोचना करना बड़ा कठिन कार्य होता है लेकिन हमको कई बार ऐसा भी करना होता है। लेकिन एक बात ध्यान रखिये, यहां के विवाद, यहां की कटुता, यहां की आलोचना को यहीं भूल जाना चाहिए और बाहर वही मैत्री और सद्भावना बनी रहनी चाहिए जो हमारे में आपस में रही है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हुआ और पुनः आपका स्वागत करता हुआ अपनी बात समाप्त करता हूं, और सभा की कार्यवाही प्रारम्भ होती है।

सचिव, विधान सभा द्वारा पढ़ी जाने वाली अधिसूचनाएं।

अधिसूचना

श्री पूनमचन्द विश्नोई, सदस्य, विधान सभा को अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

सचिव, विधान सभा (श्री नन्दलाल छांगाणी) : माननीय अध्यक्ष की आज्ञा से मैं आपके समक्ष महामहिम राज्यपाल द्वारा जारी सूचनाओं को पढ़कर सुनाता हूं :—

फलौदी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित श्री पूनमचन्द विश्नोई को अस्थायी अध्यक्ष पर

(श्री नन्दलाल छांगाणी)

नियुक्ति, उनके समक्ष विधान सभा के सदस्यों द्वारा शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने, अस्थायी अध्यक्ष की सहायतार्थ की गयी नियुक्तियां तथा अस्थायी अध्यक्ष द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 1993 को मध्याह्न पश्चात् 4.45 बजे राज्यपाल महोदय के सम्मुख शपथ लेने सम्बन्धी अधिसूचनाएं निम्न प्रकार हैं :—

(1) अधिसूचना क्रमांक प. 1 (2) संसद/93, दिनांक 22 दिसम्बर, 1993 यतः अध्यक्ष का पद दशम् राजस्थान विधान सभा के प्रथम सत्र का प्रारम्भ होने से ठीक पूर्व 28 दिसम्बर, 1993 को रिक्त हो जाएगा; और

यतः उपाध्यक्ष का पद पहले से रिक्त है;

अतः भारत के संविधान के अनुच्छेद 180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं बलिराम भगत, राज्यपाल, राजस्थान, फलौदी (190) विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित दशम् राजस्थान विधान सभा के सदस्य श्री पूनमचन्द विश्नोई को उक्त सत्र के प्रारम्भ होने से सदन द्वारा निर्वाचन किये जाने तक अध्यक्ष के कृत्यों का पालन और कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिए एतद् द्वारा नियुक्त करता हूं।

बलिराम भगत,
राज्यपाल, राजस्थान.

(2) अधिसूचना क्रमांक एफ. 1 (2) संसद/93 दिनांक 22 दिसम्बर, 1993 "भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, बलिराम भगत, राज्यपाल, राजस्थान श्री पूनमचन्द विश्नोई, जो फलौदी विधान सभा क्षेत्र (190) से दशम् राजस्थान विधान सभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए हैं, को एतद् द्वारा उस व्यक्ति के रूप में नियुक्त करता हूं जिसके समक्ष दशम् राजस्थान विधान सभा के सदस्य शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे तथा उस पर हस्ताक्षर करेंगे।

बलिराम भगत,
राज्यपाल, राजस्थान"

(3) अधिसूचना संख्या एफ. 1 (2) संसद/93 दिनांक 22 दिसम्बर, 1993 "दिनांक 22 दिसम्बर, 1993 के उस आदेश के अनुसरण में जिसके द्वारा श्री पूनमचन्द विश्नोई, अस्थायी अध्यक्ष को उस व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया गया है जिसके समक्ष दशम् राजस्थान विधान सभा के नव-निर्वाचित सदस्य शपथ ले सकेंगे या प्रतिज्ञान कर सकेंगे और उस पर हस्ताक्षर कर सकेंगे, मैं, बलिराम भगत, राज्यपाल, राजस्थान भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त प्रयोजन के लिए श्री पूनमचन्द विश्नोई, फलौदी (190) की सहायता करने के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को भी एतद् द्वारा नियुक्त करता हूं :—

(1) श्री रघुवीर सिंह कौशल

(2) श्री गुलाबसिंह शक्तावत

(3) श्री समरथ लाल।

बलिराम भगत,
राज्यपाल, राजस्थान"

(श्री नन्दलाल छांगाणी)

(4) अधिसूचना संख्या एफ. 14 (1) सदन/विस./93, दिनांक 22 दिसम्बर, 1993।

"श्री पूनमचन्द विश्नोई, सदस्य, विधान सभा ने भारत के संविधान की तृतीय अनुसूची में दिये गये प्रपत्र 7 (ख) के अनुसार दिनांक 22 दिसम्बर, 1993 को मध्याह्न पश्चात् 4.45 बजे राज्यपाल महोदय के समक्ष शपथ ग्रहण कर ली है।

नन्दलाल छांगाणी
सचिव"

घोषणा

सभापति तालिका

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यों को सूचित करता है कि मैं, प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 9 (1) के अन्तर्गत निम्नांकित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए मनोनीत करता हूं :—

(1) श्री रघुवीर सिंह कौशल,

(2) श्री गुलाब सिंह शक्तावत,

(3) श्री समरथ लाल।

शपथ अथवा प्रतिज्ञान

नव-निर्वाचित सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान

सचिव, विधान सभा (श्री नन्दलाल छांगाणी) : माननीय सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान करने का क्रम इस प्रकार रहेगा :—

(माननीय सदस्यों ने उनके नाम के आगे अंकित भाषा में शपथ ग्रहण की/प्रतिज्ञान किया।)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
1	2	3	4
1.	श्री भैरोंसिह शेखावत	शपथ	हिन्दी
2.	,, भंवरलाल शर्मा	शपथ	संस्कृत
3.	,, ललितकिशोर चतुर्वेदी	शपथ	हिन्दी
4.	,, गंगाराम चौधरी	शपथ	हिन्दी
5.	,, देवीसिंह भाटी	शपथ	हिन्दी
6.	,, गुलाबचन्द कटारिया	शपथ	हिन्दी
7.	,, सुजानसिंह यादव	शपथ	हिन्दी

1	2	3	4
8.	श्री नाथूसिंह गुर्जर	शपथ	हिन्दी
9.	,, राजेन्द्र राठौड़	शपथ	हिन्दी
10.	,, रोहिताश्व कुमार	शपथ	हिन्दी
11.	,, जसवन्तसिंह विश्नोई	शपथ	हिन्दी
12.	,, श्रीकिशन सोनगरा	शपथ	हिन्दी
13.	,, ज्ञानसिंह चौधरी	शपथ	हिन्दी
14.	श्रीमती शशि दत्ता	शपथ	हिन्दी
15.	श्री नन्दलाल मीणा	शपथ	हिन्दी
16.	श्रीमती नरेन्द्र कंवर	शपथ	हिन्दी
17.	श्री रामप्रताप	शपथ	हिन्दी
18.	,, अनंगकुमार जैन	शपथ	हिन्दी
19.	,, मदन दिलावर	शपथ	संस्कृत
20.	,, अचला राम	शपथ	हिन्दी
21.	,, सांवरलाल जाट	शपथ	हिन्दी
22.	,, अर्जुनसिंह देवड़ा	शपथ	हिन्दी
23.	,, गुरजंट सिंह	शपथ	हिन्दी
24.	,, मंगल राम	शपथ	हिन्दी
25.	,, रघुवीर सिंह कौशल	शपथ	हिन्दी
26.	,, गुलाबसिंह शक्तावत	शपथ	हिन्दी
27.	,, समरथ लाल	शपथ	हिन्दी
28.	,, अजयसिंह	शपथ	हिन्दी
29.	,, अमरचन्द मिड्ढा	शपथ	हिन्दी
30.	,, अमराराम (धोद)	प्रतिज्ञान	हिन्दी
31.	,, अमराराम चौधरी	शपथ	हिन्दी
32.	,, अरुणसिंह	प्रतिज्ञान	अंग्रेजी
33.	,, अर्जुनदास मदान	शपथ	हिन्दी

1	2	3	4
34.	श्री अर्जुनलाल जीनगर	शपथ	हिन्दी
35.	,, आर. पी. शर्मा	शपथ	हिन्दी
36.	श्रीमती इन्दिरा मायाराम	शपथ	हिन्दी
37.	श्री इन्द्रसिंह पूनिया	शपथ	हिन्दी
38.	,, उम्मराज मेहता	शपथ	हिन्दी
39.	श्रीमती उजला अरोड़ा	शपथ	संस्कृत
40.	श्री उदयलाल आंजना	अनुपस्थित	
41.	,, एमादुद्दीन खान	प्रतिज्ञान.	हिन्दी
42.	,, ओम प्रकाश शर्मा	शपथ	हिन्दी
43.	,, कन्हैयालाल पाटीदार	शपथ	संस्कृत
44.	,, कन्हैयालाल मीणा	शपथ	हिन्दी
45.	,, कमल	शपथ	हिन्दी
46.	श्रीमती कमला	प्रतिज्ञान	हिन्दी
47.	श्री कालीचरण सराफ	शपथ	हिन्दी
48.	,, कालूलाल गुर्जर	शपथ	हिन्दी
49.	,, किशन गोपाल कोगटा	शपथ	हिन्दी
50.	,, किशन मोटवानी	शपथ	हिन्दी
51.	,, किशनाराम नाई	शपथ	हिन्दी
52.	,, कुबेरसिंह	शपथ	हिन्दी
53.	,, कैलाश मेघवाल	शपथ	हिन्दी
54.	,, खंगारसिंह चौधरी	शपथ	हिन्दी
55.	,, खेतसिंह राठौड़	शपथ	हिन्दी
56.	,, गुलाबसिंह (जैसलमेर)	शपथ	हिन्दी
57.	,, गोपीचन्द	शपथ	हिन्दी
58.	,, गोपीराम जाट	शपथ	हिन्दी
59.	,, गोविन्द सिंह गुर्जर	प्रतिज्ञान	हिन्दी

1	2	3	4
60.	श्री घनश्याम तिवाड़ी	शपथ	हिन्दी
61.	,, घासीराम यादव	शपथ	हिन्दी
62.	,, चन्दनमल बैद	प्रतिज्ञान	हिन्दी
63.	,, चुन्नीलाल गरासिया	शपथ	हिन्दी

श्री घनश्याम तिवाड़ी (चौमूं) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक निवेदन करना चाहूंगा, सभी विधान सभाओं में जो शपथ ग्रहण समारोह हुआ उसमें दूरदर्शन की टीमें भी आयीं और उसको टेलीविजन पर रिले भी किया। अगर आप इजाजत दें तो राजस्थान विधान सभा का शपथ ग्रहण समारोह भी दूरदर्शन पर और सब जगह रिले हो सके।

श्री रिछपाल सिंह मिर्धा (डेगाना) : अब जो शपथ ग्रहण कर रहे हैं उनके लिये बुला लिया जाय। वे तैयार बैठे हैं आने के लिये।

श्री अध्यक्ष : सदन के नेता की क्या राय है ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत (मुख्य मंत्री) : जो आपकी राय है वही मेरी राय है।

श्री अध्यक्ष : आज तो बहुत देर हो गयी है, सम्भव नहीं होगा। 31 को वैसे गवर्नर महोदय का अभिभाषण है वह टेलीकास्ट होगा।

श्री अध्यक्ष : यदि आज सम्भव हो तो करा दिया जाय।

1	2	3	4
64.	श्री चुन्नीलाल धाकड़	शपथ	हिन्दी
65.	श्री चेनाराम	(अनुपस्थित)	
66.	श्री जगतार सिंह	शपथ	हिन्दी
67.	श्री जगदीप धनखड़	शपथ	हिन्दी
68.	,, जगदीश चन्द्र दरक	शपथ	हिन्दी

1	2	3	4
69.	,, जगदीश प्रसाद मीणा	शपथ	हिन्दी
70.	,, जगन्नाथ	शपथ	हिन्दी

श्री रामस्वरूप मीणा (टोडाभीम) : अध्यक्ष महोदय, सत्ता पक्ष की घड़ी बन्द है, ठीक करायी जाय।

1	2	3	4
71.	श्री जयन्तीलाल कोली	शपथ	हिन्दी
72.	,, जितेन्द्र नीनामा	शपथ	हिन्दी
73.	डा. जितेन्द्र सिंह	शपथ	हिन्दी
74.	श्री जियालाल बंशीवाल	शपथ	हिन्दी
75.	,, जीतराम	शपथ	हिन्दी
76.	,, जुबेर खान	प्रतिज्ञान	उर्दू

श्री जोगेश्वर गर्ग (जालोर) : मैं राजस्थानी में शपथ....

व्यवस्था

राजस्थानी भाषा में शपथ की अनुमति नहीं

श्री अध्यक्ष : माननीय जोगेश्वर गर्ग राजस्थानी में शपथ लेना चाहते हैं लेकिन राजस्थानी भाषा को भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में मान्यता नहीं मिली है। यह प्रश्न पूर्व में भी विधान सभाओं के समक्ष उठा था लेकिन उस समय यही निर्णय लिया गया कि राजस्थानी में शपथ, जब तक इस भाषा को मान्यता नहीं मिलती है, नहीं ली जा सकती।

शपथ अथवा प्रतिज्ञान

1	2	3	4
77.	श्री जोगेश्वर गर्ग	शपथ	संस्कृत
78.	,, टीकमचन्द कान्त	शपथ	हिन्दी
79.	श्रीमती तारा भण्डारी	अनुपस्थित	
80.	श्री तैयब हुसेन	शपथ	उर्दू
81.	,, दयाराम परमार	शपथ	हिन्दी
82.	,, दलजीत सिंह	अनुपस्थित	
83.	,, दुलीचन्द	शपथ	हिन्दी

श्री दीपेन्द्रसिंह शेखावत (श्रीमाधोपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने अभी राजस्थानी के बारे में व्यवस्था तो दी, पहले भी इस सदन में बार यह प्रश्न उठ चुका है। सदन और मेरे साथी माननीय विधायकों की राय को देखते हुए आपने व्यवस्था तो दे दी किन्तु भविष्य के लिए इस बात की भी व्यवस्था करावें चाहे केन्द्र सरकार को यहां से लिखवायें। माननीय सदन के नेता को भी मैं निवेदन करूंगा कि बार-बार यह चर्चा तो आती है लेकिन भावना को यहीं दबा दिया जाता है। हम जिन लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिस बोली में हम बोलकर आते हैं, जिन लोगों की बात यहां कहना चाहते हैं, उनकी भाषा में यदि हम नहीं कह पाते हैं तो उन लोगों के साथ हम न्याय नहीं करते हैं, ऐसा मेरा मानना है। मेरी भावना आपके माध्यम से केन्द्र सरकार तक पहुंचनी चाहिये, मेरी आपसे यही प्रार्थना है।

1	2	3	4
84.	श्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत	शपथ	हिन्दी
85.	,, नन्दलाल व्यास	शपथ	हिन्दी
86.	,, नरपत सिंह राजवी	शपथ	हिन्दी
87.	,, नरेन्द्र बुडानिया	शपथ	हिन्दी

1	2	3	4
88.	श्री नरेन्द्र सिह भाटी	प्रतिज्ञान	हिन्दी
89.	,, नसरू खान	प्रतिज्ञान	हिन्दी
90.	,, नाथूराम अहारी	शपथ	हिन्दी
91.	,, नारायण लाल	शपथ	हिन्दी
92.	,, नारायण सिंह	शपथ	हिन्दी
93.	,, परसराम मदेरणा	शपथ	हिन्दी
94.	,, परसराम मोरदिया	शपथ	हिन्दी
95.	,, परसादीलाल मीणा	शपथ	हिन्दी
96.	,, पराक्रम सिंह	शपथ	हिन्दी
97.	,, पूंजालाल गरासिया	शपथ	हिन्दी
98.	,, पूराराम चौधरी	शपथ	हिन्दी
99.	,, प्रताप सिंह सिंघवी	शपथ	हिन्दी
100.	,, प्रभुराम गरासिया	शपथ	हिन्दी

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यों को एक आवश्यक सूचना देना चाहता हूं कि 100 माननीय सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर ली है और बैठक का समय करीब डेढ़ घण्टा व्यतीत हुआ है। अभी साढ़े चार घंटे का समय बाकी है तो मेरा सुझाव है कि शपथ ग्रहण की कार्यवाही आज ही सम्पूर्ण कर दी जाय क्योंकि कल भी यह रखा गया है।

1	2	3	4
101.	श्री फतेह सिंह	शपथ	हिन्दी
102.	,, फूलचन्द मीणा	शपथ	हिन्दी
103.	,, बद्रीप्रसाद गुरुजी	शपथ	संस्कृत

1	2	3	4
104.	श्री बनवारी लाल बैरवा	शपथ	हिन्दी
105.	,, बनवारी लाल भिण्डा	शपथ	हिन्दी
106.	,, बनवारी लाल शर्मा	शपथ	हिन्दी
107.	,, बाबूलाल (दूदू)	शपथ	हिन्दी
108.	,, बाबूलाल वर्मा	शपथ	हिन्दी
109.	श्रीमती बीना काक	शपथ	हिन्दी

(अपराह्न 12.41 बजे)

(श्री रघुवीर सिंह कौशल, सभापति, पदासीन)

110.	श्री बृजराज सिंह	शपथ	हिन्दी
111.	,, भंवरसिंह	शपथ	हिन्दी
112.	,, भंवरसिंह (नवलगढ़)	अनुपस्थित	
113.	,, भगराज चौधरी	शपथ	हिन्दी
114.	,, भगवान दास	शपथ	हिन्दी
115.	,, भरत सिंह	प्रतिज्ञान	हिन्दी
116.	,, भीखा भाई	शपथ	हिन्दी
117.	,, भीमराज मीणा	शपथ	हिन्दी
118.	,, भीमराज	अनुपस्थित	
119.	,, भीमसेन चौधरी	शपथ	हिन्दी
120.	,, मदन मोहन (खैरथल)	शपथ	हिन्दी
121.	,, महादेव सिंह	शपथ	हिन्दी
122.	,, महावीर प्रसाद जैन	अनुपस्थित	
123.	,, महावीर भगोरा	शपथ	हिन्दी
124.	,, महेन्द्र कुमार मीणा	शपथ	हिन्दी
125.	,, मांगीलाल मेघवाल	शपथ	हिन्दी
126.	,, माधवसिंह दीवान	शपथ	हिन्दी

1	2	3	4
127.	श्रीमती मीना अग्रवाल	शपथ	हिन्दी
128.	श्री मुल्कराज थिंद	अनुपस्थित	
129.	,, मोतीलाल	शपथ	हिन्दी
130.	,, मोहन मेघवाल	शपथ	हिन्दी
131.	,, मोहनलाल बारूपाल	शपथ	हिन्दी
132.	,, मोहनलाल मोदी	शपथ	हिन्दी
133.	,, रंगजी मीणा	शपथ	हिन्दी
134.	,, रघुवीर सिंह (सराड़ा)	शपथ	हिन्दी
135.	,, रतनलाल ताम्बी	शपथ	हिन्दी
136.	,, रमाकान्त	शपथ	संस्कृत
137.	,, राकेश मेघवाल	अनुपस्थित	
138.	,, राजपाल सिंह शेखावत	शपथ	हिन्दी

माननीय अध्यक्ष महोदय जी, राजस्थानी भाषा को भी तवज्जोह दी जाय।

139.	श्री राजेन्द्र गहलोत (सरदारपुरा)	शपथ	हिन्दी
140.	,, राजेन्द्र चौधरी	शपथ	हिन्दी
141.	,, राजेन्द्र पारीक	शपथ	हिन्दी
142.	,, राधेश्याम	शपथ	हिन्दी
143.	,, रामकिशन शर्मा	शपथ	हिन्दी

(13.05 बजे)

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

144.	श्री रामगोपाल बैरवा	शपथ	हिन्दी
145.	,, रामचन्द्र रावत	,,	,,

1	2	3	4
146.	श्री रामनारायण मीणा (नैनवां)	शपथ	हिन्दी
147.	,, रामनारायण चौधरी	,,	,,
148.	,, रामनारायण डूंडी	,,	,,
149.	,, रामपाल उपाध्याय	,,	,,
150.	,, रामप्रताप कासनियां	,,	,,
151.	डा. रामराय शर्मा	,,	,,
152.	श्री रामस्वरूप	,,	,,
153.	,, रामेश्वर भारद्वाज (मूर्तिकार)	,,	,,
154.	,, रामेश्वरलाल चौधरी	,,	,,

श्री रामेश्वरलाल भाटी (सुजानगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान विधान सभा में राजस्थान की राजस्थानी भाषा की शपथ की व्यवस्था न होने के कारण मैं भाषा और प्रान्त दोनों का अपमान मानता हूं। मेरी भावना आपके माध्यम से पहुंचे।

1	2	3	4
155.	श्री रामेश्वरलाल भाटी	शपथ	हिन्दी
156.	,, रिछपाल सिंह	,,	,,
157.	,, रूपाराम	,,	,,
158.	,, रेवतराम पंवार	,,	,,
159.	,, रेवतीप्रसाद कोली	,,	,,
160.	,, लक्ष्मण सिंह	,,	,,
161.	,, लक्ष्मीनारायण बैरवा	,,	,,
162.	,, विजय सिंह	,,	,,

श्री विजयेन्द्र पाल सिंह (आसीन्द) : अध्यक्ष महोदय, पहले भी इस सम्बन्ध में किसी मैम्बर ने यह बात कही, राजस्थानी भाषा के बारे में। मैं तो आपसे यही निवेदन करना चाहता हूं....बात तो सुनें आप लोग, बात तो सुनें। मेरे को यही कहना है, अध्यक्ष महोदय।

एक माननीय सदस्य : आप बोलते जाएं।

श्री अध्यक्ष : कृपया शान्त रहें।

श्री विजयेन्द्रपाल सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरा यह करना है, 77 और 85 के अन्दर भी यह व्यवस्था मैंने चाही थी, पर की नहीं। कल तो आप कहेंगे कि यह जो भाषा है इसके साथ में यह व्यवस्था भी नहीं देंगे कि हमें यह पोशाक....

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी (ओसियां) : आपके मुख्य मंत्री कमजोर हैं। आपके मुख्य मंत्री कमजोर हैं।

श्री विजयेन्द्र पाल सिंह : मैं तो यह कहता हूं, मुझे आपत्ति है कि कल आप पोशाक के लिए भी कह दें कि इस पर भी आपत्ति है, यह नहीं ले सकते शपथ।

1	2	3	4
163.	श्री विजयेन्द्र पाल सिंह	शपथ	हिन्दी
164.	,, विश्वेन्द्र सिंह	,,	,,
165.	,, विष्णु मोदी	,,	,,
166.	डा. शंकरलाल (कपासन)	,,	,,
167.	श्री शंकरलाल अहारी	,,	,,
168.	,, शम्भूदयाल बड़गूजर	,,	,,
169.	,, शांतिलाल खोईवाल (राजसमन्द)	,,	,,
170.	,, शांतिलाल चपलोत (मावली)	,,	,,
171.	,, शांतिकुमार धारीवाल	,,	,,
172.	,, शिवकिशोर सनाढ्य	,,	,,
173.	,, शिवदान सिंह	,,	,,
174.	,, शिवनाथ सिंह	प्रतिज्ञान	हिन्दी
175.	,, शीशराम ओला	शपथ	हिन्दी

1	2	3	4
176.	श्री शैलेन्द्र जोशी	शपथ	हिन्दी
177.	,, श्रवण कुमार	,,	,,
178.	,, सुखलाल सैणचा	,,	,,
179.	,, सुन्दर लाल	,,	,,
180.	,, सुरेन्द्र गोयल	प्रतिज्ञान	हिन्दी
181.	,, सुरेन्द्रसिंह राठौड़	शपथ	हिन्दी
182.	श्रीमती सूर्यकान्ता व्यास	,,	,,
183.	श्री हंसराम	,,	,,
184.	,, हबीबुर्रहमान	,,	,,
185.	,, हरजीराम बुरडक	अनुपस्थित	
186.	,, हरिदेव जोशी	शपथ	हिन्दी
187.	,, हरिनारायण	,,	,,
188.	,, हरिशंकर भाभड़ा	,,	,,
189.	,, हरिश्चन्द्र पल्लीवाल	,,	,,
190.	डा. हरिसिंह (फुलेरा)	,,	,,
191.	श्री हरिसिंह सोढ़ा (शिव)	,,	,,

श्री हरिसिंह (कुम्हेर) : मैंने, माननीय अध्यक्ष जी, ब्रज भाषा में शपथ लेने की इजाजत चाही है।

व्यवस्था

ब्रज भाषा में शपथ लेने की इजाजत नहीं

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, उसमें कठिनाई वही है जो राजस्थानी के सम्बन्ध में है। इसमें पूर्व में व्यवस्था दी जा चुकी है कि क्योंकि यह संविधान की आठवीं सूची में मान्यता प्राप्त भाषा नहीं है इसलिए इसमें शपथ लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

श्री हरिसिंह : आपकी व्यवस्था बिलकुल शिरोधार्य है। इस गौरवमयी भाषा में शपथ लेने की इजाजत नहीं मिली, इसका मुझे दुःख है। मैं आपकी आज्ञानुसार हिन्दी में शपथ लेता हूं।

शपथ अथवा प्रतिज्ञान

1	2	3	4
192.	श्री हरिसिंह (कुम्हेर)	शपथ	हिन्दी
193.	,, हरिसिंह (महुआ)	,,	,,
194.	,, हरेन्द्र मिर्धा	शपथ	अंग्रेजी
195.	,, हीरालाल (बामनवास)	शपथ	हिन्दी
196.	,, हीरालाल इन्दौरा	,,	,,
197.	,, हीरालाल विश्नोई	,,	,,
198.	,, हीरालाल सहरिया	,,	,,

(श्री सचिव, विधान सभा द्वारा अनुपस्थित सदस्यों के नाम दुबारा पुकारे जाने पर)।

1.	श्री उदयलाल आंजना	अनुपस्थित	—
2.	,, चेनाराम	अनुपस्थित	—
3.	श्रीमती तारा भण्डारी	शपथ	हिन्दी
4.	श्री दलजीत सिंह	अनुपस्थित	—
5.	श्री भंवरसिंह (नवलगढ़)	शपथ	हिन्दी
6.	,, भीमराज भाटी	अनुपस्थित	—
7.	,, महावीर प्रसाद जैन	,,	—
8.	श्री मुल्कराज	अनुपस्थित	—
9.	श्री राकेश मेघवाल	,,	—
10.	श्री हरजीराम बुरडक	,,	—

श्री अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही दिनांक 30 दिसम्बर, 1993 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की कार्यवाही 13.54 बजे गुरुवार, 30 दिसम्बर, 1993 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)